आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार एकांश
देहरादून (उत्तराखण्ड)
सोमवार 06.04.2026
समय 07.20

**मुख्य समाचार :–**

- स्वास्थ्य मंत्री सुबोध उनियाल ने कहा–स्वास्थ्य व्यवस्था राज्य के लिए बड़ी चुनौती और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।
- हेमकुंड साहिब यात्रा मार्ग से बर्फ हटाने का कार्य 15 अप्रैल के बाद होगा शुरु, सेना के जवानों और गुरुद्वारा हेमकुंड साहिब मैनेजमेंट ट्रस्ट के सेवादारों ने हेमकुंड ट्रेक रूट का निरीक्षण किया।
- हरिद्वार में आयोजित उत्तराखंड यूथ मुक्केबाजी प्रतियोगिता बालिका वर्ग में पिथौरागढ़ की टीम रही ओवरऑल चैंपियन।
- **और,** उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर और पिथौरागढ़ ज़िलों में कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश की संभावना, ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हो सकती है बर्फबारी।

**स्वास्थ्य सेवा सुदृढ़ीकरण**

स्वास्थ्य मंत्री सुबोध उनियाल ने राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर सख्त रुख अपनाया है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य व्यवस्था राज्य के लिए बड़ी चुनौती है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

टिहरी ज़िले में बौराड़ी जिला अस्पताल निरीक्षण के दौरान श्री उनियाल ने कहा कि डॉक्टर अपने दायित्वों को समझें और जहां भी लापरवाही सामने आएगी, वहां कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने निर्देश दिए कि अस्पतालों को रेफरल केंद्र न बनाया जाए और मरीजों को बाहर से दवाएं खरीदने के लिए मजबूर न किया जाए। यदि किसी स्थान पर दवाएं उपलब्ध नहीं हैं तो उन्हें स्थानीय स्तर पर खरीदकर मरीजों को उपलब्ध कराया जाए।

श्री उनियाल ने कहा कि विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी को दूर करने के लिए सरकार ने पहाड़ी क्षेत्रों में अतिरिक्त वेतन का प्रावधान किया है, इसके बावजूद कई जगह डॉक्टर उपलब्ध नहीं हो पा रहे हैं। इस समस्या के समाधान के लिए छह–छह महीने के रोस्टर पर डॉक्टरों की तैनाती की व्यवस्था की जा रही है, ताकि अस्पतालों में लगातार डॉक्टर उपलब्ध रहें।

**ट्रेक रूट का निरीक्षण**

भारतीय सेना के जवानों और गुरुद्वारा हेमकुंड साहिब मैनेजमेंट ट्रस्ट के सेवादारों ने संयुक्त रूप से गोविंदघाट से हेमकुंड साहिब तक ट्रैक रूट का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि हेमकुंड साहिब में लगभग पाँच से छह फीट तक बर्फ जमी हुई है। मार्ग में अलककोटी ग्लेशियर पॉइंट पर भी काफी मात्रा में बर्फ मौजूद है। भारतीय सेना की टुकड़ी 15 अप्रैल के बाद रवाना होगी, जो यात्रा मार्ग पर जमी बर्फ को हटाने का कार्य करेगी। हेमकुंड साहिब एक पवित्र और प्रसिद्ध तीर्थ स्थल है। हेमकुंड साहिब यात्रा इस वर्ष 23 मई से शुरू हो रही है। पहला जत्था 20 मई को ऋषिकेश से रवाना किया जाएगा। गुरुद्वारा हेमकुंट साहिब मैनेजमेंट ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने बताया कि यात्रा को सुगम, सुरक्षित और निर्विघ्न बनाने के लिए सभी आवश्यक तैयारियाँ की जा रही हैं।

**राहत**

बागेश्वर जिले के सेमधार क्षेत्र में गुलदार के पिंजरे में फंसने से ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है। पिछले कुछ समय से क्षेत्र में गुलदार की सक्रियता के कारण लोगों में भय का माहौल था। वन विभाग ने चार दिन पहले गुलदार को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाया था। वन क्षेत्राधिकारी केवलानंद पांडे ने बताया कि क्षेत्र में लगातार गुलदार की आवाजाही की शिकायतें मिल रही थीं, जिसके चलते यह कार्रवाई की गई। उन्होंने कहा कि गुलदार को सुरक्षित तरीके से रेस्क्यू कर उचित स्थान पर छोड़ा जाएगा। वन विभाग ने लोगों से सतर्क रहने और किसी भी वन्यजीव की गतिविधि की जानकारी तुरंत देने की अपील की है।

**क्यूआरटी की कार्रवाई**

देहरादून जिले में एलपीजी गैस की कालाबाजारी पर प्रभावी रोक लगाने के लिए गठित क्विक रिस्पॉन्स टीम–क्यूआरटी द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। टीम ने नगर निगम देहरादून क्षेत्र में विभिन्न व्यावसायिक प्रतिष्ठानों का निरीक्षण करते हुए 4 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए। जिला प्रशासन को 9 शिकायतें एलपीजी गैस की आपूर्ति के सम्बन्ध में मिली थी, जिस पर यह कार्रवाई की गई। देहरादून जिले में रविवार को पंद्रह हजार से अधिक उपभोक्ताओं को घरेलू और एक हजार 972 उपभोक्ताओं को व्यावसायिक गैस सिलेंडर की आपूर्ति की गई।

**रेस्टोरेंट में आग**

चमोली जिले में गोपेश्वर–उखीमठ मार्ग पर मंडल क्षेत्र के समीप स्थित एक रेस्टोरेंट में अचानक भीषण आग लगने से इलाके में हड़कंप मच गया। आग इतनी विकराल थी कि देखते ही देखते रेस्टोरेंट के सभी कॉटेज जलकर पूरी तरह राख हो गए। घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और आग बुझाने का प्रयास किया। दमकल विभाग के दो वाहनों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हालांकि तब तक रेस्टोरेंट पूरी तरह जलकर नष्ट हो चुका था।

**मुक्केबाजी प्रतियोगिता**

हरिद्वार में आयोजित उत्तराखंड यूथ मुक्केबाजी प्रतियोगिता के बालिका वर्ग में पिथौरागढ़ की टीम ओवरऑल चैंपियन रही। खेल मंत्री रेखा आर्या ने विजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी व मेडल देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि उत्तराखंड तेजी से बॉक्सिंग का उभरता हुआ केंद्र बन रहा है। इस प्रतियोगिता में सभी 13 जिलों की टीमों ने भाग लिया। बालिकाओं के 45 से 48 किलोग्राम वर्ग में पिथौरागढ़ की जया ने गोल्ड मेडल, सविता ने सिल्वर मेडल और नेहा व गुंजन ने ब्रोंज मेडल जीता। 48 से 51 किलोग्राम वर्ग में कोमल लोहिया ने गोल्ड, कृष्णा ने सिल्वर और ऋतु तथा वैष्णवी ने ब्रॉन्ज मेडल जीते। 54 से 57 किलोग्राम वर्ग में पिथौरागढ़ की बबीता ने गोल्ड मेडल जीता।

**विधानसभा अध्यक्ष**

विधानसभा अध्यक्ष एवं कोटद्वार विधायक ऋतु खण्डूडी भूषण ने कोटद्वार के ध्रुवपुर स्थित आर्य समाज मंदिर के 74वें वार्षिकोत्सव में प्रतिभाग किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आर्य समाज सदैव से समाज में जागरूकता, शिक्षा और सामाजिक सुधारों के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाता रहा है। उन्होंने विशेष रूप से महिला सशक्तिकरण पर जोर देते हुए कहा कि समाज की प्रगति तभी संभव है जब महिलाएं सशक्त और आत्मनिर्भर बनें। उन्होंने सभी से महर्षि दयानंद सरस्वती के विचारों को अपने जीवन में अपनाने का आह्वान किया।

**<u>मौसम</u>**

राज्य के विभिन्न हिस्सो में आज मौसम बदलने के आसार हैं। मौसम विभाग के अनुसार उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर और पिथौरागढ़ ज़िलों में कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश के साथ ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी की संभावना है। वहीं अन्य जिलों में भी कुछ स्थानों पर गरज–चमक के साथ बारिश हो सकती है। आज देहरादून, टिहरी, हरिद्वार और उत्तरकाशी जिलों में कहीं–कहीं आकाशीय बिजली, ओलावृष्टि और तेज झोंकेदार हवाएं चलने की संभावना जताई गई है, जिनकी रफ्तार 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटा तक और कुछ जगहों पर 60 किलोमीटर प्रति घंटा तक पहुंच सकती है। मौसम विभाग ने लोगों से सतर्क रहने और खराब मौसम के दौरान सुरक्षित स्थानों पर रहने की अपील की है।

**'दून पुस्तक महोत्सव'**

देहरादून में राष्ट्रीय पुस्तक न्यास, भारत शिक्षा मंत्रालय और उत्तराखंड सरकार के संयुक्त तत्वावधान में नौ दिवसीय 'दून पुस्तक महोत्सव' आयोजित किया जा रहा है। महोत्सव के दूसरे दिन 'दून लिट फेस्ट' का आयोजन किया गया, जिसमें साहित्य, समाज और ज्ञान के विभिन्न आयामों पर चर्चा की गई। कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री रमेश पोखरियाल 'निशंक', पद्मश्री डॉ. आर.के. जैन और राष्ट्रीय पुस्तक न्यास के अध्यक्ष प्रोफेसर मिलिंद सुधाकर मराठे समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। प्रोफेसर मिलिंद सुधाकर मराठे ने कहा कि "समाज के हित की बात जिसमें हो, वही साहित्य है।

**और अब एक नजर आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर...**

आज के समाचार पत्रों ने अलग–अलग ख़बरों को अपनी सुर्खी बनाया है।

उत्तराखंड ने खनन राजस्व क्षेत्र में बनाया नया रिकॉर्ड– हिन्दुस्तान समाचार पत्र इस शीर्षक के साथ लिखता है– वित्तीय वर्ष 2025–26 में प्रदेश को खनन से मिला एक हजार 217 करोड़ का राजस्व।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उत्तराखंड में 14 अप्रैल को प्रस्तावित दौरे की खबर पर दैनिक जागरण लिखता है– डाट काली मंदिर में माथा टेकेंगे पीएम मोदी, अमर उजाला का शीर्षक है– इस बार भी प्रधानमंत्री कई योजनाओं की देंगे सौगात।

कक्षा एक में दाखिले के लिए आयु सीमा बदलने की तैयारी, अमर उजाला का शीर्षक है। सामाचार पत्र के अनुसार शिक्षा निदेशालय की ओर से शासन को इस संबंध में प्रस्ताव भेजा गया है।

उत्तराखंड में चारधाम यात्रा की तैयारियों पर मौसम की मार– हिन्दुस्तान समाचार पत्र का शीर्षक... खबर के मुताबिक– पहाड़ों पर अप्रैल में भी बर्फबारी, केदारनाथ धाम में बिछी बर्फ की मोटी चादर।

और वीकेंड पर दून पुलिस ने शुरू किया ऑपरेशन नाइट स्ट्राइक– इस शीर्षक के साथ नवोदय टाइम्स खबर में लिखता है– पब, बार, होटल, रेस्टोरेंट में औचक छापेमारी, बिना लाइसेंट के शराब परोसने वाले दो गिरफ्तार।